SAMPLE CONTENT

# CBSE हिंदी 'ब'

# व्याकरण व लेखन



चंद्रभूषण शुक्ल
B.Ed., B.M.M.- Journalism

CLASS X

Target Publications® Pvt. Ltd.

In accordance with the latest syllabus prescribed by the National Council of Educational Research and Training (NCERT).

# CBSE हिंदी 'ब'
# व्याकरण व लेखन

## CLASS X

**विशेषताएँ**

- Latest Paper Pattern पर आधारित
- वर्णनात्मक, वस्तुनिष्ठ, कथन-कारण व बहुविकल्पीय प्रश्न
- वर्ष 2023 तक के चुनिंदा Board और SQP के प्रश्नों का समावेश
- व्यावहारिक व्याकरण व उस पर आधारित Exercise
- लेखन व उस पर आधारित Exercise
- 2 Practice Question Papers with Answers
- त्रुटियों से बचने व ज्ञानवर्धन हेतु क्रमश: 'Caution' और 'Enrich Your Knowledge'

Scan the given **Q.R. code** in *Quill - The Padhai App* to view Course Structure.

Sample Content

Printed at: **Print to Print,** Mumbai

© *Target Publications Pvt. Ltd.*
*No part of this book may be reproduced or transmitted in any form or by any means, C.D. ROM/Audio Video Cassettes or electronic, mechanical including photocopying; recording or by any information storage and retrieval system without permission in writing from the Publisher.*

P.O. No. 11193

TEID: 3447

# प्रस्तावना

**प्रिय विद्यार्थियो!**

शिक्षा के इस नए पड़ाव पर आप सभी का हार्दिक स्वागत है। शैक्षणिक वर्ष की इस नई शुरुआत के साथ ही आप सभी के मन में संभावित भविष्य को लेकर चिंता व चिंतन का बढ़ना स्वाभाविक है। खासकर जब बात हिंदी व्याकरण व लेखन की विभिन्न शैलियों की होती है, तो चिंता बढ़ ही जाती है। भाषा को पूर्णतया समझने और उसका आनंद उठाने के लिए व्याकरण व लेखन का संपूर्ण ज्ञान होना अति आवश्यक है। विद्यार्थियों की इसी चिंता को दूर करने के लिए टार्गेट पब्लिकेशंस द्वारा **CBSE हिंदी 'ब' व्याकरण व लेखन : Class X** पुस्तक का निर्माण किया गया है। इसकी सहायता से विद्यार्थी अपना व्याकरण व लेखन संबंधी भय दूर कर सकेंगे और मनचाहा परिणाम प्राप्त कर सकेंगे।

यह पुस्तक नवीनतम पाठ्यक्रम को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। इसमें अपठित गद्यांश, व्यावहारिक व्याकरण व लेखन के सभी घटकों को शामिल किया गया है। विद्यार्थियों के पुनरावर्तन हेतु प्रत्येक घटक के अंत में उत्तर के साथ Exercise दिया गया है, जो विद्यार्थियों के पुनरावर्तन में बहुत लाभदायक सिद्ध होगा। बोर्ड परीक्षा के पैटर्न को ध्यान में रखते हुए अपठित गद्यांश, व्यावहारिक व्याकरण व लेखन के घटकों पर आधारित उत्तर सहित 2 Practice Question Papers दिए गए हैं, जो विद्यार्थियों की तैयारी में नींव का पत्थर साबित होंगे।

पुस्तक में प्रत्येक घटक को उदाहरण सहित सरल व विस्तृत ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इसमें ज्ञानवर्धन हेतु **Enrich Your Knowledge** दिया गया है, जो विद्यार्थियों का ज्ञान बढ़ाने के साथ ही आगामी परीक्षाओं के लिए तैयार करेगा। यहाँ **Caution** के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा की जानेवाली आम गलतियों को चिह्नित कर उनसे बचने का सूत्र समझाया गया है। इसके साथ ही आवश्यकतानुसार उचित मार्गदर्शन हेतु निर्देश भी दिए गए हैं।

शैक्षणिक वर्ष में हिंदी व्याकरण व लेखन की समुचित तैयारी हेतु निर्मित गागर में सागर यह पुस्तक आप सभी सुधी जनों के हाथों में सौंपते हुए हमें अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है। हमें आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि यह विद्यार्थियों के लिए उपयोगी व ज्ञानवर्धक सिद्ध होगी और उनका सही दिशा में मार्गदर्शन करेगी।

पुस्तक की उत्कृष्टता बढ़ाने के लिए सभी अमूल्य सुझाव आमंत्रित हैं। हमारा ई-मेल पता **mail@targetpublications.org** है।

**उज्ज्वल भविष्य की ढेरों शुभकामनाएँ!**

**प्रकाशक**
**संस्करण :** पहला

Sample Content

**Disclaimer**

This reference book is transformative work based on पाठ्यपुस्तक स्पर्श भाग 2 व पूरक पाठ्यपुस्तक संचयन भाग 2 for class X, Rationalised 2023-24 published by the National Council of Educational Research and Training (NCERT). We, the publishers, are making this reference book which constitutes as fair use of textual contents which are transformed by adding and elaborating, with a view to simplify the same to enable the students to understand, memorize and reproduce the same in examinations.

This work is purely inspired upon the course work as prescribed by the National Council of Educational Research and Training (NCERT). Every care has been taken in the publication of this reference book by the Authors while creating the contents. The Authors and the Publishers shall not be responsible for any loss or damages caused to any person on account of errors or omissions which might have crept in or disagreement of any third party on the point of view expressed in the reference book.

© reserved with the Publisher for all the contents created by our Authors.

No copyright is claimed in the textual contents which are presented as part of fair dealing with a view to provide best supplementary study material for the benefit of students.

# विषय-सूची


| क्र. | पाठ का नाम | पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|
| | **अपठित गद्यांश** | 1 – 29 |
| | **व्यावहारिक व्याकरण** | |
| 1 | पदबंध | 30 – 37 |
| 2 | रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण | 38 – 50 |
| 3 | समास | 51 – 62 |
| 4 | मुहावरे | 63 – 78 |
| | **लेखन** | |
| 1 | अनुच्छेद-लेखन | 79 – 94 |
| 2 | पत्र-लेखन | 95 – 122 |
| 3 | सूचना-लेखन | 123 – 143 |
| 4 | विज्ञापन-लेखन | 144 – 158 |
| 5 | लघुकथा-लेखन | 159 – 175 |
| 6 | ई-मेल लेखन | 176 – 186 |
| | Practice Question Paper – 1 | 187 – 191 |
| | Practice Question Paper – 2 | 192 – 196 |



Sample Content



Boost your score in the Board Examination with our **CBSE Competency Based Questions (Mathematics): Class X.** Scan the adjacent QR code to know more.

Boost your score in the Board Examination with our **"CBSE Competency Based Questions (Science): Class X".** Scan the adjacent QR code to know more.

Don't lose out on marks in grammar, vocabulary and writing skills. Practice more and score full with Target's **CBSE English Grammar & Writing Skills: Class X**. Scan the adjacent QR Code to know more.

Sample Content

# पाठ 1 पदबंध

## परिचय

पदबंध को समझने के लिए सबसे पहले **शब्द** और **पद** के अंतर को समझना आवश्यक है।

**शब्द :** दो या दो से अधिक वर्णों/अक्षरों से निर्मित सार्थक व स्वतंत्र ध्वनि-समूह को **शब्द** कहते हैं।

**उदाहरण :** सीता, राहुल, पालक, आम, खेत, मिठाई आदि।

**शब्द के प्रकार**

- विकारी शब्द
  - संज्ञा
  - सर्वनाम
  - क्रिया
  - विशेषण
- अविकारी शब्द
  - क्रियाविशेषण
  - समुच्चयबोधक
  - संबंधबोधक
  - विस्मयादिबोधक

**पद :** जब किसी शब्द का प्रयोग स्वतंत्र रूप से न करते हुए किसी वाक्य में किया जाता है, तो उसे **पद** कहते हैं।

**उदाहरण :** रानी खाना खाती है।

यहाँ कई शब्दों को जोड़कर एक वाक्य बनाया गया है। इस वाक्य के प्रत्येक शब्द को **पद** कहा जा सकता है।

**पदबंध :** जब दो या दो से अधिक पद मिलकर एक ही पद का कार्य करते हैं तो उसे **पदबंध** कहते हैं।

सरल शब्दों में पद का अर्थ होता है वाक्य में आया हुआ शब्द और बंध का अर्थ हुआ बँधा हुआ। इस तरह पदबंध का अर्थ हुआ वाक्य में आए हुए शब्द जो एक-दूसरे से बँधे हुए हैं।

**परिभाषा :** वाक्य के उस भाग को जिसमें एक से अधिक पद परस्पर संबद्ध होकर अर्थ तो देते हैं, किंतु पूरा अर्थ नहीं देते- पदबंध या वाक्यांश कहते हैं। - डॉ. हरदेव बाहरी

**पदबंध के प्रकार**

- संज्ञा पदबंध
- सर्वनाम पदबंध
- विशेषण पदबंध
- क्रिया पदबंध
- क्रियाविशेषण पदबंध

1. **संज्ञा पदबंध** – पदबंध का मुख्य पद संज्ञा हो तो वह पद और उस पर आश्रित सभी पद मिलकर संज्ञा पदबंध कहलाते हैं।

**उदाहरण :**
i. घर में रखी अलमारी टूट गई है।
ii. कक्षा में बैठा लड़का समझदार है।
iii. जंगल में नाचता मोर बहुत सुंदर था।
iv. पड़ोस में रहने वाले चाचा अमीर हैं।

> **CAUTION**
> - वाक्य में सबसे पहले संज्ञा और फिर उस पर आश्रित पदों की पहचान कीजिए। सभी पदों को मिलाकर संज्ञा पदबंध बनता है।

2. **सर्वनाम पदबंध** – पदबंध का मुख्य पद सर्वनाम हो तो वह पद और उस पर आश्रित सभी पद मिलकर सर्वनाम पदबंध कहलाते हैं।

**उदाहरण :**
i. हमेशा सच बोलने वाला वह आज चुप था।
ii. परेशानी से लड़ तुम कहाँ जाओगे ?
iii. कक्षा में बैठा वह निर्दोष है।
iv. हालात का मारा मैं मजबूर हूँ।

> **CAUTION**
> - वाक्य में सबसे पहले सर्वनाम और फिर उस पर आश्रित पदों की पहचान कीजिए। सभी पदों को मिलाकर सर्वनाम पदबंध बनता है।

Sample Content

3. **विशेषण पदबंध** – पदबंध का मुख्य पद संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बताते हुए विशेषण का कार्य करे तो वह पद और उस पर आश्रित सभी पद मिलकर विशेषण पदबंध कहलाते हैं।

**उदाहरण** : i. बहुत कड़ी मेहनत टूट गई है।

ii. सबसे अधिक समझार बेटा नहीं आया।

iii. कठोर परिश्रमी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुआ।

iv. समुद्र की तरह शांत रहने वाला राहुल गुस्से में था।

**CAUTION**

- वाक्य में सबसे पहले संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले विशेषण और फिर उस पर आश्रित पदों की पहचान कीजिए। सभी पदों को मिलाकर विशेषण पदबंध बनता है।

4. **क्रिया पदबंध** – अनेक क्रिया-पदों से मिलकर बने पदबंध को क्रिया पदबंध कहते हैं।

**उदाहरण** : i. पार्वती खाना बना रही थी।

ii. सीता दौड़ती जा रही है।

iii. रामू चिल्लाता चला जा रहा था।

iv. करिश्मा पढ़ रही है।

**CAUTION**

- वाक्य में सबसे पहले कौन-सा कार्य हो रहा है अर्थात मुख्य क्रिया और फिर उस पर आश्रित पदों की पहचान कीजिए। सभी पदों को मिलाकर क्रिया पदबंध बनता है।

5. **क्रियाविशेषण पदबंध** – वह पदबंध जो वाक्य में क्रिया की विशेषता बताता है, क्रियाविशेषण पदबंध कहलाता है।

**उदाहरण** : i. मछली पानी के अंदर तैर रही है।

ii. सारे खिलाड़ी कमरे के बाहर निकल गए।

iii. मजदूर का पसीना धीरे-धीरे टपककर गिरने लगा।

iv. सुजाता खेलते-कूदते जाने लगी।

**CAUTION**

- वाक्य में सबसे पहले क्रिया को ध्यान में रखते हुए उसकी विशेषता बताने वाले पद और फिर उस पर आश्रित पदों की पहचान कीजिए। सभी पदों को मिलाकर क्रियाविशेषण पदबंध बनता है।

***Enrich Your Knowledge***

- पद किसी वाक्य का एक अंश अर्थात शब्द होता है।
- पदबंध किसी वाक्य के या एक से अधिक शब्दों का समूह होता है।
- पदबंध के शब्द-क्रम निश्चित होते हैं।
- पदबंध में एक मुख्य पद और अन्य उस पर आश्रित पद होते हैं।
- किसी भी पदबंध का मुख्य पद उस पद का निर्धारण करता है।

## PREVIOUS YEAR BOARD QUESTIONS

**निर्देशानुसार निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए –**

1. 'सातवीं-आठवीं के कुछ विद्यार्थी हमें उनके बारे में बताया करते थे।' रेखांकित पदबंध है – **[CBSE 2023]**

**(क) संज्ञा पदबंध** (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

Sample Content

2. 'बड़े-बड़े बिल्डर कई सालों से समंदर को पीछे ढकेलकर उसकी ज़मीन को हथिया रहे थे।' **[CBSE 2023]**
(1) बड़े-बड़े बिल्डर (2) पीछे ढकेलकर (3) उसकी ज़मीन (4) हाथिया रहे थे
उपर्युक्त पदबंधों में से क्रिया-विशेषण पदबंध का/के उदाहरण है/हैं :
(क) केवल (3) **(ख) केवल (2)** (ग) (2) और (4) (घ) (1) और (3)

3. 'वह महिमामय व्यक्तित्व पूरी तरह उसकी आत्मा में उतर चुका है।' इस वाक्य में क्रिया पदबंध है – **[CBSE 2023]**
(क) वह महिमामय व्यक्तित्व (ख) पूरी तरह उसकी
(ग) उसकी आत्मा में **(घ) उतर चुका है**

4. 'मास्टर प्रीतम चंद का दुबला-पतला गठीला शरीर था।' वाक्य में रेखांकित पदबंध का उपयुक्त भेद है – **[CBSE 2023]**
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध **(घ) विशेषण पदबंध**

5. 'दूसरों की सहायता करने वाले आप महान है।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध का उपयुक्त भेद है – **[CBSE 2023]**
**(क) सर्वनाम पदबंध** (ख) संज्ञा पदबंध (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

6. 'वामीरो फटती हुई धरती के किनारे चीखती हुई दौड़ रही थी।' रेखांकित पदबंध का भेद है – **[CBSE SQP 2022-23]**
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध **(ग) क्रिया पदबंध** (घ) विशेषण पदबंध

7. 'निर्भीक और साहसी वज़ीर अली अपने अधिकार के लिए लड़ रहा था।' इस वाक्य में विशेषण पदबंध है –
**[CBSE SQP 2022-23]**
(क) साहसी वज़ीर अली (ख) लिए लड़ रहा था **(ग) निर्भीक और साहसी** (घ) अपने अधिकार के लिए

8. क्रिया पदबंध का उदाहरण छाँटिए – **[CBSE SQP 2022-23]**
(क) बिल्ली ने उचककर दो में से एक अंडा तोड़ दिया।
(ख) यह काम तो हमेशा आदर्शवादी लोगों ने ही किया है।
**(ग) दोनों कबूतर रातभर खामोश और उदास बैठे रहते हैं।**
(घ) शैलेंद्र तो फ़िल्म-निर्माता बनने के लिए सर्वथा अयोग्य थे।

9. 'बादशाह सुलेमान मानव जाति के साथ-साथ पशु-पक्षियों के भी राजा हैं।' रेखांकित पदबंध का भेद है –
**[CBSE SQP 2022-23]**
**(क) संज्ञा पदबंध** (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

10. 'हरिहर काका धीरे-धीरे चलते हए आँगन तक पहुँचे।' रेखांकित पदबंध का भेद है – **[CBSE SQP 2022-23]**
(क) संज्ञा पदबंध (ख) क्रिया पदबंध (ग) विशेषण पदबंध **(घ) क्रियाविशेषण पदबंध**

11. 'सुलेमान केवल मानव जाति के ही राजा नहीं थे, सारे छोटे-बड़े पशु-पक्षी के भी हाकिम थे'। रेखांकित पदबंध का भेद है –
**[CBSE SQP 2023-24]**
**(क) संज्ञा पदबंध** (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

12. 'जीने-मरने वाले मनुष्य तो हो सकते हैं पर सही अर्थों में नहीं।' इस वाक्य में विशेषण पदबंध होगा – **[CBSE SQP 2023-24]**
(क) मनुष्य तो हो सकते हैं (ख) सही अर्थों में नहीं
(ग) जीने-मरने वाले मनुष्य **(घ) जीने-मरने वाले**

13. क्रियाविशेषण पदबंध का उदाहरण छाँटिए – **[CBSE SQP 2023-24]**
(क) 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्टों' के जीवन से आदर्श धीरे-धीरे पीछे हटने लगते हैं।
**(ख) 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्टों' के जीवन से आदर्श धीरे-धीरे पीछे हटने लगते हैं।**
(ग) 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्टों' के जीवन से आदर्श धीरे-धीरे पीछे हटने लगते हैं।
(घ) 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्टों' के जीवन से आदर्श धीरे-धीरे पीछे हटने लगते हैं।

Sample Content

14. 'अकसर हम या तो गुज़रे हुए दिनों की खट्टी-मीठी यादों में उलझे रहते हैं या भविष्य के रंगीन सपने देखते रहते हैं।' रेखांकित पदबंध का भेद है – **[CBSE SQP 2023-24]**
    (क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) विशेषण पदबंध **(घ) क्रिया पदबंध**

15. 'खिड़की के बाहर अब असहाय दोनों कबूतर रात-भर खामोश और उदास बैठे रहते हैं।' रेखांकित पदबंध का भेद है – **[CBSE SQP 2023-24]**
    **(क) संज्ञा पदबंध** (ख) क्रिया पदबंध (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

## SOLVED EXAMPLES

**निर्देशानुसार निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए –**

1. 'सुभाष बाबू के जुलूस का भार पूर्णोदास पर था।' रेखांकित पदबंध का भेद –
   (क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध **(घ) विशेषण पदबंध**

2. 'हँसी को एक शक्तिशाली इंजन के समान कहा गया है।' रेखांकित पद का प्रकार है –
   (क) संज्ञा पद (ख) सर्वनाम पद (ग) क्रिया पद **(घ) विशेषण पद**

3. 'बस आस की एक किरण थी जो समुद्र की देह पर डूबती किरणों की तरह कभी भी डूब सकती थी।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है –
   (क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध **(ग) क्रिया पदबंध** (घ) विशेषण पदबंध

4. 'ततााँरा की व्याकुल आँखें वामीरो को ढूँढ़ने में व्यस्त थीं।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है –
   (क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध **(घ) विशेषण पदबंध**

5. 'हरिहर काका की जिंदगी से मैं बहुत गहरे जुड़ा हूँ।' रेखांकित पदबंध का प्रकार बताइए –
   (क) क्रिया पदबंध **(ख) संज्ञा पदबंध** (ग) विशेषण पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

6. 'राजेश, सीता और पूनम ने मिलकर साथ-साथ भोजन बनाया।' रेखांकित पदबंध का भेद है –
   (क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
   **(ग) क्रियाविशेषण पदबंध** (घ) क्रिया पदबंध

7. 'शैलेंद्र का यह गीत अद्‌वितीय था।' रेखांकित पदबंध का भेद है ?
   (क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रियाविशेषण पदबंध **(घ) विशेषण पदबंध**

8. 'एक कथाकार हूँ मैं और कथा सुना रहा हूँ।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है –
   (क) संज्ञा पदबंध **(ख) सर्वनाम पदबंध** (ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

9. 'प्रातःकाल छह बजे नाश्ता कर पढ़ने बैठ जाना।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है –
   (क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध **(ग) क्रिया पदबंध** (घ) विशेषण पदबंध

10. 'विजया हर समय झाड़ू लगाती रहती है।' रेखांकित पदबंध का भेद है –
    (क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध **(ग) क्रिया पदबंध** (घ) विशेषण पदबंध

11. 'नतीजा सुनाया गया तो वह रो पड़े।' इस पदबंध में क्रिया पदबंध छाँटिए।
    (क) नतीजा सुनाया (ख) तो वह **(ग) रो पड़े** (घ) गया तो वह

12. 'मैं पीछे-पीछे दौड़ रहा था।' इस वाक्य में क्रिया पदबंध छाँटिए –
    (क) मैं (ख) पीछे-पीछे **(ग) दौड़ रहा था** (घ) पीछे दौड़

Sample Content

13. 'भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया।' इस वाक्य में संज्ञा पदबंध छाँटिए।
**(क) भारत सरकार** (ख) उन्हें (ग) से (घ) सम्मानित किया

14. 'खालिस देहाती भुच्च गाड़ीवान जो सिर्फ दिल की जुबान समझता है।' रेखांकित पदबंध का भेद है –
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध **(ग) विशेषण पदबंध** (घ) क्रिया पदबंध

15. 'तीसरी कसम शैलेंद्र के जीवन की पहली और अंतिम फिल्म है। ' रेखांकित पदबंध का भेद पहचानिए।
**(क) संज्ञा पदबंध** (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

16. 'काका बहुत बुद्धिमान व्यक्ति थे ।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है –
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध **(घ) विशेषण पदबंध**

17. 'तीव्र गति से चलने वाला वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है –
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध **(ग) क्रिया पदबंध** (घ) विशेषण पदबंध

18. 'सआदत अली हमारा पुराना दोस्त है।' रेखांकित पदबंध का भेद पहचानिए।
**(क) संज्ञा पदबंध** (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

19. 'मेरी छोटी बहन बहुत बीमार है।' रेखांकित पदबंध का भेद है –
**(क) संज्ञा पदबंध** (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

20. 'इसकी कलात्मकता की लंबी-चौड़ी तारीफ़ें हुईं।' इस वाक्य में विशेषण पदबंध छाँटिए –
**(क) लंबी-चौड़ी** (ख) तारीफ़ें हुईं (ग) इसकी (घ) कलात्मकता की

21. 'हमारा बगीचा इस कोने से उस कोने तक फैला हुआ है।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है –
(क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध
**(ग) क्रियाविशेषण पदबंध** (घ) क्रिया पदबंध

22. 'वह हमेशा कोई-न-कोई बड़ी शरारत कर बैठता है।' रेखांकित पदबंध का भेद है –
**(क) संज्ञा पदबंध** (ख) विशेषण पदबंध (ग) सर्वनाम पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

23. 'बगीचे में खेलने वाले बच्चे शोर मचा रहे हैं।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है –
(क) सर्वनाम पदबंध **(ख) संज्ञा पदबंध** (ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

24. 'भारत भारती होकर हिंदी विराजती रहे।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है –
**(क) संज्ञा पदबंध** (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

25. 'कभी एक शेर को बार-बार बहुत सुंदर अक्षरों में नकल करते।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है –
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध **(घ) विशेषण पदबंध**

26. 'मेरा जी पढ़ने में बिल्कुल न लगता था।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है –
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध **(ग) क्रिया पदबंध** (घ) विशेषण पदबंध

27. 'इस तरह अंग्रेजी पढ़ोगे, तो ज़िंदगीभर अंग्रेजी पढ़ते रह जाओगे।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है –
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध **(ग) क्रिया पदबंध** (घ) विशेषण पदबंध

28. 'तताँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी।' इस वाक्य में से संज्ञा पदबंध छाँटिए –
(क) तलवार एक **(ख) तताँरा की तलवार** (ग) रहस्य थी (घ) विलक्षण रहस्य थी

Sample Content

29. 'अपने पास होने की खुशी आधी हो गई।' इस वाक्य में से संज्ञा पदबंध पहचानिए –

**(क) अपने पास होने की खुशी** (ख) खुशी आधी

(ग) हो गई (घ) खुशी आधी हो गई

30. 'कबूतर परेशानी में इधर-उधर फड़फड़ा रहे थे।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है –

(क) सर्वनाम पदबंध (ख) क्रिया पदबंध **(ग) क्रियाविशेषण पदबंध** (घ) विशेषण पदबंध

31. 'मैं पीछे-पीछे दौड़ रहा था।' इस वाक्य में से क्रिया पदबंध पहचानिए –

**(क) दौड़ रहा था** (ख) पीछे-पीछे (ग) पीछे-पीछे दौड़ (घ) रहा था

32. 'बढ़ती हुई आबादियों ने समंदर को पीछे सरकाना शुरू कर दिया है।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है –

(क) विशेषण पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध **(ग) क्रिया पदबंध** (घ) संज्ञा पदबंध

33. 'ततााँरा दिनभर अथक परिश्रम कर धीरे-धीरे टहलने लगा।' रेखांकित पदबंध का भेद है –

**(क) क्रियाविशेषण पदबंध** (ख) विशेषण पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) संज्ञा पदबंध

34. 'मैं खेलते-कूदते दरजे में अव्वल आ गया।' इस वाक्य में से क्रियाविशेषण पदबंध पहचानिए –

(क) दरजे में अव्वल (ख) अव्वल आ गया (ग) मैं खेलते-कूदते **(घ) खेलते-कूदते दरजे में**

35. 'आप जल्दी से अपने-अपने बिलों में चलो, फ़ौजी आ रहे हैं।' इस वाक्य में कौन-सा सर्वनाम पद है ? बताइए –

**(क) आप** (ख) जल्दी से (ग) अपने-अपने (घ) फ़ौजी आ रहे हैं

36. 'अरुणिमा धीरे-धीरे चलते हुए वहाँ जा पहुँची।' रेखांकित पदबंध के प्रकार है –

(क) संज्ञा पदबंध (ख) क्रिया पदबंध

**(ग) क्रियाविशेषण पदबंध** (घ) विशेषण पदबंध

37. 'उसकी कल्पना में वह एक अद्‌भुत साहसी युवक था।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है –

**(क) विशेषण पदबंध** (ख) क्रिया पदबंध (ग) संज्ञा पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

38. 'राजकपूर ने इस फिल्म में उतनी ही तन्मयता के साथ काम किया।' इस वाक्य में से क्रियाविशेषण पदबंध पहचानिए –

**(क) उतनी ही तन्मयता के साथ** (ख) तन्मयता के साथ

(ग) काम किया (घ) के साथ काम किया

39. 'गाँव में हर वर्ष पशु-पर्व का आयोजन होता है।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है –

**(क) संज्ञा पदबंध** (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

40. 'मौत से जूझने वाला मैं मर नहीं सकता।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है –

(क) संज्ञा पदबंध **(ख) सर्वनाम पदबंध** (ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

41. ततााँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था। वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद है –

**(क) विशेषण पदबंध** (ख) संज्ञा पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

42. 'नेचर के गुस्से का नमूना कुछ साल पहले मुंबई में देखने को मिला था।' इस वाक्य में से संज्ञा पदबंध पहचानिए –

**(क) नेचर के गुस्से का नमूना** (ख) देखने को मिला था

(ग) कुछ (घ) कुछ साल पहले मुंबई में

Sample content

43. 'उसकी छोटी-छोटी बारीकियाँ फिल्म में पूरी तरह उतर आईं।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है –
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) विशेषण पदबंध **(घ) क्रिया पदबंध**

44. 'गायन इतना प्रभावी था कि वह अपनी सुध-बुध खोने लगा।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है –
(क) क्रियाविशेषण पदबंध **(ख) संज्ञा पदबंध**
(ग) सर्वनाम पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

45. 'कभी मेरी लाइब्रेरी में घुसकर कबीर या मिर्ज़ा ग़ालिब को सताने लगते हैं।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है –
(क) सर्वनाम पदबंध (ख) क्रिया पदबंध **(ग) संज्ञा पदबंध** (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

46. 'स्त्रियों का एक भाग आगे बढ़ा जिसका नेतृत्व विमल प्रतिभा कर रही थी।' रेखांकित पदबंध का भेद है –
(क) विशेषण पदबंध (ख) संज्ञा पदबंध **(ग) क्रिया पदबंध** (घ) सर्वनाम पदबंध

47. 'वामीरो कुछ सचेत हुई और घर की तरफ दौड़ पड़ी।' इस वाक्य में से क्रियाविशेषण पदबंध पहचानिए –
(क) वामीरो कुछ **(ख) घर की तरफ** (ग) दौड़ पड़ी (घ) हुई और

48. 'बिल्ली ने उचककर दो में से एक अंडा तोड़ दिया।' इस वाक्य में से क्रिया पदबंध पहचानिए –
**(क) तोड़ दिया** (ख) अंडा तोड़ा (ग) बिल्ली ने **(घ) उचककर**

49. 'अपने पास होने की खुशी आधी हो गई।' रेखांकित पदबंध का भेद है –
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध **(घ) विशेषण पदबंध**

50. 'वह एक अद्‌भुत साहसी युवक था।' रेखांकित पदबंध का भेद है –
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध **(घ) विशेषण पदबंध**

51. 'जनरल साहब का बावर्ची आ रहा है।' रेखांकित पदबंध का भेद है –
**(क) संज्ञा पदबंध** (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

52. 'तताँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी।' रेखांकित पदबंध का भेद है –
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध **(ग) विशेषण पदबंध** (घ) क्रिया पदबंध

53. 'इस भवन की बुनियाद खूब मज़बूत डालना चाहते थे।' इस वाक्य में से संज्ञा पदबंध पहचानिए –
(क) इस भवन **(ख) इस भवन की बुनियाद**
(ग) खूब मजबूत (घ) बुनियाद, मजबूत

54. 'मारवाड़ी बालिका विद्‌यालय की लड़कियों ने अपने विद्‌यालय में झंडोत्सव मनाया।' इस वाक्य में से विशेषण पदबंध पहचानिए –
(क) लड़कियों ने (ख) झंडोत्सव
(ग) बालिका विद्‌यालय **(घ) मारवाड़ी बालिका विद्‌यालय की**

55. 'विरोध करने वाले व्यक्तियों में से कोई नहीं बोला।' इस वाक्य में से सर्वनाम पदबंध पहचानिए –
(क) व्यक्तियों में से (ख) कोई नहीं बोला
**(ग) विरोध करने वाले व्यक्तियों में से कोई** (घ) विरोध करने वाले

## EXERCISE

**निर्देशानुसार निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए –**

1. 'निरंतर बहता हुआ पानी साफ़ व स्वच्छ होता है।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है –
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध



Sample Content

2. 'छोटा बच्चा रोता हुआ धीरे-धीरे माँ के पास चला गया।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है –
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रियाविशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

3. 'वज़ीर अली का कारवाँ जंगलों में भटक रहा था।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है –
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

4. 'सरकार ने देशभर के गरीबों को राशन की सुविधा दी है।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है –
(क) सर्वनाम पदबंध (ख) क्रिया पदबंध (ग) विशेषण पदबंध (घ) संज्ञा पदबंध

5. 'बगल वाले दादा धीरे-धीरे चलते हैं।' रेखांकित पदबंध का भेद है –
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

6. 'बीच-बीच में इधर-उधर दृष्टि दौड़ाना न भूलती।' इस वाक्य में क्रियाविशेषण पदबंध छाँटिए।
i. बीच-बीच में ii. इधर-उधर iii. दृष्टि दौड़ाना iv. दौड़ाना न भूलती
(क) केवल i (ख) केवल ii (ग) केवल i और ii (घ) केवल iv

7. 'तताँरा बहुत बलशाली था।' रेखांकित पदबंध का भेद है –
(क) विशेषण पदबंध (ख) क्रिया पदबंध (ग) संज्ञा पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

8. 'इफ़्फ़न के दादा और परदादा बहुत प्रसिद्ध मौलवी थे।' रेखांकित पदबंध का भेद है –
(क) सर्वनाम पदबंध (ख) क्रिया पदबंध (ग) संज्ञा पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

9. 'ख़बर हवा की तरह बह उठी।' रेखांकित पद में पदबंध का भेद लिखिए –
(क) विशेषण पदबंध (ख) संज्ञा पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

10. 'उसकी आँखें तरल थीं।' रेखांकित शब्द कौन-सा पदबंध है ?
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

11. 'मारवाड़ी बालिका विद्यालय की लड़कियों ने अपने विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस मनाया।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है –
(क) संज्ञा पदबंध (ख) क्रिया पदबंध (ग) सर्वनाम पदबंध (घ) क्रिया विशेषण पदबंध

12. 'उस तलवार में अद्भुत दैवीय शक्ति थी।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है –
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

13. 'जीतने वाले खिलाड़ी इसी शहर के हैं।' रेखांकित पदबंध का भेद है –
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

14. 'तताँरा समुद्री बालू पर बैठकर सूरज की अंतिम रंग-बिरंगी किरणों को समुद्र पर निहारने लगा।' इस वाक्य में विशेषण पदबंध है –
(क) तताँरा समुद्री बालू पर (ख) अंतिम रंग-बिरंगी (ग) समुद्र पर निहारने (घ) किरणों को समुद्र पर

15. 'अब भी गीत के स्वर बह रहे थे।' रेखांकित शब्दों में कौन-सा पदबंध है ? बताइए –
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

Sample Content

**निर्देश :** Exercise के प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करने हेतु विद्यार्थी दिए गए Q. R. Code को स्कैन करें।

# AVAILABLE BOOKS FOR CLASS X :

## CBSE PERFECT PREP

- English Language and Literature
- हिंदी 'ब' स्पर्श व संचयन भाग - २
- मराठी
- Social Science
- Science
- Mathematics (Part - I)
- Mathematics (Part - II)

## NCERT TEXTBOOK & EXEMPLAR

- Science
- Mathematics

## ADDITIONAL TITLES

- Competency Based Questions Science
- Competency Based Questions Mathematics
- CBSE English Grammar & Writing Skills
- CBSE हिंदी 'ब' व्याकरण व लेखन




Scan the QR code to buy e-book version of Target's Notes on Quill - The Padhai App

**Visit Our Website**


**Target Publications® Pvt. Ltd.**

*Transforming lives through learning.*

**Address:**
B2, 9th Floor, Ashar, Road No. 16/Z,
Wagle Industrial Estate, Thane (W)- 400604

**Tel:** 88799 39712 / 13 / 14 / 15
**Website:** www.targetpublications.org
**Email:** mail@targetpublications.org





Explore our range of STATIONERY